# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)

## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय

132ए. सिविल लाइन्स, इटावा

निकट पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688-796776

E-mail ID- eeetwupjnrural@gmail.com


पत्रांक 1587/ W-23 /28 दिनांक : 04/05/26

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी(शिकायत),
कृते जिलाधिकारी,
इटावा।

विषयः- **डिजिटल समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 02.05.2026 को प्रकाशित ई-समाचार "बसियापुर में जल जीवन मिशन फेल, नलों में नहीं पानी, करोड़ों की योजना का पानी सड़क पर बह रहा, ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 02.05.2026 को प्रकाशित ई-समाचार "बसियापुर में जल जीवन मिशन फेल, नलों में नहीं पानी, करोड़ों की योजना का पानी सड़क पर बह रहा, ग्रामीण परेशान" खबर प्रकाशित की आख्या मांगी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ई-समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड महेवा के ग्राम उरेंग पेयजल योजना की है। ग्राम उरेंग में जल जीवन मिशन(फेज-3) कार्यक्रम के अर्न्तगत पेयजल योजना के शिरोपरि जलाशय क्षमता 325किली0/15 मी0 निर्माणाधीन है, वितरण प्रणाली 22.896 किमी0 के सापेक्ष 22.488 किमी0 एवं 02 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 1 वर्ष से धनाभाव के कारण कार्य की प्रगति धीमी रही है, वर्तमान में पुनः कार्य को प्रारम्भ कराया जा रहा है, वर्तमान में सीधे पम्पिंग से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। अवर जलाशय से पाइपलाइन कनेक्टिंग का कार्य प्रगति पर है। पाइपलाइन ज्वाइंटिंग व टेस्टिंग एवं वाल्व फिक्सिंग का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में बसियापुर मार्ग पर पाइपलाइन के खुले जोड़ को मरम्मत कराने का कार्य प्रगति पर है, पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा, टेस्टिंग के उपरान्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक : फोटोग्राफ।**

भवदीय

(हस्ताक्षर)

**(के0के0 प्रजापति)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांकः- तदैव।

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

(हस्ताक्षर)

अधिशासी अभियन्ता

घर जल' का दावा कर रही है।

ग्रामीण राजू, नरेन्द्र सिंह, रोहित और राहुल सहित कई लोगों ने बताया कि अभी तक कई घरों में पानी के कनेक्शन भी नहीं दिए गए हैं। वहीं, डाली गई पाइपलाइन में भी भारी लापरवाही सामने आई है। लाइन का पानी घरों तक पहुंचने के बजाय सड़क किनारे एक खेत में बह रहा है, जिससे पानी की बर्बादी हो रही है और योजना की खामियां उजागर हो रही हैं।

इस संबंध में जल जीवन मिशन के जूनियर इंजीनियर उमेश चौहान से फोन पर बात की गई। उन्होंने बताया कि उन्हें इस समस्या की जानकारी नहीं थी। चौहान ने तुरंत एक टीम मौके पर भेजने और जांच कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही हर घर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर पेयजल संकट को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और योजना का वास्तविक लाभ गांव तक पहुंच सके।



बसियापुर में जल जीवन मिशन फेल, नलों में नहीं पानी: **करोड़ों की योजना का पानी सड़क पर बह रहा, ग्रामीण परेशान**



सांकेतिक

नलों में पानी नहीं होने से ग्रामीण परेशान।

महेवा के ग्राम पंचायत उरेंग के मजरा बसियापुर में जल जीवन मिशन के तहत लगाई गई पानी की टोंटियां ग्रामीणों के लिए सिर्फ दिखावा बनकर रह गई हैं। करोड़ों रुपये की इस योजना का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन बसियापुर में स्थिति इसके विपरीत है।

ग्रामीणों के अनुसार, नल लगाए जाने के बाद से अब तक एक बार भी पानी की सप्लाई नहीं हुई है। गांव के लोग गर्मी के इस मौसम में पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं, जबकि सरकार 'हर


GPS Map
Camera Lite
M6GW+8P8, Ureng, Uttar Pradesh 206120, India
Latitude
26.67609716°
Longitude
79.24702881°
Local 04:40:50 PM
GMT 11:10:50 AM
Altitude 149 meters
Monday, 04.05.2026


GPS Map
Camera Lite
M6GX+85H, Ureng, Uttar Pradesh 206120, India
Latitude
26.67579125°
Longitude
79.24747471°
Local 04:42:47 PM
GMT 11:12:47 AM
Altitude 147 meters
Monday, 04.05.2026


MP BIRLA CEM
MP BIRLA CEM
MP BIRLA CE
MP BIRLA
GPS Map
Camera Lite
M6GX+W6F, Ureng, Uttar Pradesh 206120, India
Latitude
26.67716195°
Longitude
79.24871693°
Local 03:30:20 PM
GMT 10:00:20 AM
Altitude 145 meters
Monday, 04.05.2026



वंडर
सीमेंट
वंडर
सीमेंट
वंडर
GPS Map
Camera Lite
M6GX+W6F, Ureng, Uttar Pradesh 206120, India
Latitude
26.677379°
Longitude
79.24798939°
Local 03:31:20 PM
GMT 10:01:20 AM
Altitude 147 meters
Monday, 04.05.2026


GPS Map
Camera Lite
M6GW+8P8, Ureng, Uttar Pradesh 206120, India
Latitude
26.6758288°
Longitude
79.2474006°
Local 03:33:29 PM
GMT 10:03:29 AM
Altitude 147 meters
Monday, 04.05.2026


GPS Map
Camera Lite
M6GW+MPG, Bharthana, Ureng, Uttar Pradesh 206120, India
Latitude
26.67573365°
Longitude
79.24679378°
Local 03:32:49 PM
GMT 10:02:49 AM
Altitude 150 meters
Monday, 04.05.2026


GPS Map
Camera Lite
M6GW+8P8, Ureng, Uttar Pradesh 206120, India
Latitude
26.6758288°
Longitude
79.2474006°
Local 03:33:29 PM
GMT 10:03:29 AM
Altitude 147 meters
Monday, 04.05.2026